# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463

Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org


पत्रांक संख्या–9411/23 दिनांक 23.11.23

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,**
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा नवम्बर–2023 हेतु अत्यन्त आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

**नवम्बर–2023** में सम्पन्न होने वाली जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के परीक्षा के समय कतिपय संस्थानों के संजीव प्रसारण की लाइव फीड धीमी आ रही है, जिसके कारण सजीव प्रसारण स्पष्ट रूप से नहीं आ रहा है। ऐसे संस्थान अपनी इण्टरनेट की स्पीड 100 MBPS करा लें ताकि सजीव प्रसारण स्पष्ट रूप से हो सके। सजीव प्रसारण स्पष्ट रूप से न होने पर आपके संस्थान की परीक्षाऐं निरस्त कर दी जायेंगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं संस्थान की होगी।

इसके अतिरिक्त इस कार्यालय के पत्र संख्या–9267/23 दिनांक 16.11.2023, पत्र संख्या–9298/23 दिनांक 18.11.2023, पत्र संख्या–9321/23 दिनांक 20.11.2023 व पत्र संख्या–9365/23 दिनांक 22.11.2023 का भी सन्दर्भ लेने का कष्ट करें। जिसके क्रम में पुनः आपको सूचित किया जाता है कि **परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व ही अभ्यर्थियों की पूर्ण रूप से जाँच करने के उपरान्त उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी जाए। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों के साथ–साथ कक्ष निरीक्षक का भी मोबाइल ले जाना पूर्णतया वर्जित रहेगा।**

यदि प्रदत्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित संस्थानों की परीक्षा निरस्त कर दी जायेंगी जिसके लिए संस्थान स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**नोट–** इस कार्यालय द्वारा परीक्षा सम्बन्धी सूचना समय–समय पर कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट **www.upsmfac.org** पर जारी की जायेंगी। कृपया वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।